### धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ

# पदाधिकारी काम के प्रति सजग रहें: विधायक



### पहले दिन 70 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके साथ ही हुसैनाबाद के व्यपार मंडल धन अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों के फसल की खरीद शुरू हो गई है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से यहां के किसान लाभांवित होंगे। कहा कि लक्ष्य में हर संभव वृद्धि कराई जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को विकास कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी है। हुसैनाबाद के पदाधिकारी व कर्मचारी अपने काम के प्रति सजग रहें। जनता के कार्य में लापरवाही कभी बर्दास्त नही की जाएगी। जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में दो धान अधिप्राप्ति केंद्र पर 14 हजार क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। हम सभी मिलजुल कर क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खीचेंगे। उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब किसानों को औने पौने दामों में धान बेचने की जरूरत नहीं है। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि हुसैनाबाद व्यापार मंडल में 8 हजार व भीकेएस दंगवार को 6 हजार क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रति क्विंटल 23 सौ रुपये के दर से राशि भुगतान होगा। वहीं किसानों को एक सौ रुपये बोनस निर्धारित की गई है ।उन्होंने बताया कि आज दो किसानों से करीब 70 क्विंटल धान की खरीद की गई हैं ।जिसमें डंडीला पंचायत के किसान कृष्ण कुमार से 40 क्विंटल व बैरांव के राकेश कुमार मेहता से 30 क्विंटल धान की खरीद की गयी हैं। इस मौके पर राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, रामजनम सिंह, विनय कुमार सिंह यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, सीओ पंकज कुमार, सुरेश यादव, बिमलेश पासवान, रामसुंदर मेहता सहित पैक्स अध्यक्ष, किसान मित्र व किसान आदि मौजूद थे।

### पांकी प्रखंड के अंबाबार पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र का प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**पांकी** प्रखंड के अंबाबार पंचायत के पैक्स कार्यालय में रविवार की दोपहर धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल सहित अन्य तिथियां के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के आगमन पर पैक्स अध्यक्ष रंजन दुबे के द्वारा सभी अतिथियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात धान अधिप्राप्ति केंद्र में पगार एवं नवडीहा 1 पंचायत से पहुंचे किसानों ने धान की भी बिक्री की, मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा की सही समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से किसानों को विशेष लाभ होगा, उन्होंने कहा कि किसान धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान बेचकर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य का लाभ ले सकेंगे, उन्होंने यह भी कहा कि सोमवार 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक प्रखंड कार्यालय में विशेष कैंप आयोजित कर किसानों का धान बिक्री हेतु निबंधन भी किया जाएगा, उन्होंने प्रखंड के वैसे किसान जो अपना निबंध नहीं कराए हैं उनसे निबंधन करवाने की अपील की है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौके पर पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव प्रखंड कृषि पदाधिकारी जयप्रकाश राम क्रय पदाधिकारी शंभू कुमार, पंचायत समिति सदस्य ललित भुईया, सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर वित्त मंत्री ने पाटन सीएचसी का औचक निरीक्षण किया

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को पाटन के सीएचसी का अवचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पलामू के सिविलसर्जन डा अनिल कुमार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में वह किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भी कहा कि अगर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में कही दिक्कत आती है, तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। तत्काल समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सेवाओं में बेहतरी लाने व अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने की हिदायत दी। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई पर भी ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने कहा कि आगे से ग्रामीणों की शिकायत मिली तो दोषी लोगों को बक्सा नहीं जाएगा। निरीक्षण में उनके साथ सिविलसर्जन अनिल कुमार, पूर्व पीएम प्रवीण कुमार सिंह समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

पांकी पलामू पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से शिविर में पहुंचे लाभुको के बीच जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के हाथों परिसंपतियों का वितरण किया गया, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, मध्य जिला परिषद् खुशबू कुमारी सहित अन्य अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, कार्यक्रम के संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच रहा है जो बेहद हर्ष की बात है, इस तरह के शिविर के आयोजन से लोगों को जागरूक करने एवं योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, इस दौरान मौके पर जनप्रतिनिधि सुनील चौहान, अधिवक्ता शर्मा जी , शिक्षा विभाग बी.ओ परमेश्वर साव सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### एक नजर

#### आगलगी की घटना से बेघर हुए लोगों को मुखिया ने पहुंचाई मदद

**पांकी।** प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत सालमगिरि चौक निवासी कन्हाई भुईया का पूरा परिवार पिछ्ले रविवार को आगलगी की घटना से बेघर हो गया है, पीड़ित परिवार का सारा सामान, रूपए , अनाज एवं कपड़े आगलगी की घटना में खत्म हो चुके हैं, पीड़ित की व्यथा को देखते हुए रतनपुर पंचायत के मुखिया एवं उनके पति पूर्व मुखिया सूरत उरांव ने रविवार को पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया एवं उन्हें गर्म कपड़े के साथ आर्थिक सहयोग भी किया।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव घर में मिला

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के देवगन पंचायत अंतर्गत देवताही ग्राम में शनिवार की रात संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार देवताही निवासी मंगल यादव के 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव शनिवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। बगल के कमरे में उनकी पत्नी दो बच्चों के साथ सोई थी। रात करीब 1 बजे पत्नी बच्चों को पानी पिलाने उठी तो देखा कि प्रमोद यादव के कमरा का सामान बिखरा पड़ा है और प्रमोद यादव बिछावन पर पड़े हैं। उन्हें उठाने की कोशिश की लेकिन नहीं उठे। शोर मचाने पर प्रमोद यादव के पिता और परिजन कमरे में आए और देखा कि प्रमोद यादव का शव बिछावन पर पड़ा है। इसकी जानकारी सुबह छतरपुर थाना को दी गई। छतरपुर थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया। मृतक के परिजनों ने छतरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है।

## रबी सीजन में कैनाल से पानी मिलने का आसार नहीं

### वैकल्पिक तरीके से फसलों के पटवन में जुटे किसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रबी फसलों खासकर, गेहूं की बोवाई के बाद पहला पटवन का समय हो गया गया बताया जाता है। नहरी इलाके हो या मैदानी, इसके लिए किसानों को वैकल्पिक साधनों का ही सहारा लेना पड़ा है। खरीफ सीजन के बाद मुख्य नहर से पानी मिलना बंद हो गया था। जिसे अबतक शुरू किया नहीं गया है। ऐसे में वैकल्पिक तरीके से गेहूं के पौधों के पटवन के लिए नहरी इलाके के किसानों को होने वाली परेशानी को समझा जा सकता है। जबकि मैदानी इलाकों के किसानों का तो खेती के लिए चालू सीजन में वैकल्पिक साधन ही सहारा है। हाल के दिनों में मौसम पूवार्नुमान में बारिश की उम्मीद जताई गई थी। मगर इसमें बूंदाबांदी ही हुई। ऐसे में बिजली सिंचाई पंप के सहारे गेहूं के पौधों के पटवन में किसान जुट गए हैं। किसानों ने बताया कि समय से पहला पटवन इसलिए भी जरूरी होता है कि अंकूरित होने के बाद भी कम नमी मिलने की वजह से बहुत सारे बीज पौधे के रूप में पनप नहीं पाते हैं। ऐसी स्थिति में समय से पटवन के बाद घने रूप में एक-एक बीज पौधे का आकार ले लेते हैं।

### न्यूज बॉक्स

#### लोगों से सीधा संपर्क कर शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेने की अपील




**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, रेलवे स्टेशन, बैंक, बाजार और साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जा रहा है। अभियान के दौरान, लोगों को कार्यक्रम की तिथि, समय और स्थान की जानकारी दी जा रही है, और उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। थाना प्रभारी मोहम्मदगंज ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें और अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त करें। इस पहल के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करते हुए एक सकारात्मक वातावरण स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### परता पंचायत में न्याय मित्र ने दिया योगदान



**हैदरनगर।** जिला विधिक सेवा के तहत हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में न्याय मित्र (पीएलभी) की पदस्थापना की गई है। झालसा के जारी पत्र के अनुसार हैदरनगर प्रखंड के परता में न्याय मित्र रजी अहमद ने रविवार को योगदान भी दे दिया है। मौके पर उपस्थित मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने न्याय मित्र के कार्य व उदेश्यों पर चर्चा की। कहा कि न्याय मित्र संबधित पंचायत में लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी देने व जरुरतमंदों तक योजनाओं को लाभ धरातल पर लाने का काम करेंगे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे विवादों का निपटारा के लिये कानूनी जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत में रामचंद्र चौधरी, नंदलाल मेहता चौकड़ी, शैलेन्द्र कुमार बभंडी, रविन्द्र कुमार संड़ेया, सुरभि कुमारी बिलासपुर व पवन कुमार को कुकही पंचायत के लिये न्याय मित्र के रुप में नियुक्त किया गया है। हुसैनाबाद प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत में ऋतिक कुमार, नीलेश कुमार रजक लोटनिया, दीपक कुमार रवि पोलडीह, सनोज कुमार रवि उर्दवार मंजूराहा, नमित कुमार पतरा खुर्द व सोनी देवी को कोसी पंचायत में न्याय मित्र के रुप में नियुक्त किया गया है।

## झारखंड के नौजवान बेरोजगार अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं: विधायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल कौशल विकास केंद्र में मेगा स्किल्स निष्ठा के तहत आईटीआई कॉलेज नावाबाजार परिसर में रविवार को प्लेसमेंट ड्राइव सह सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह, जिला श्रम नियोजन पदाधिकारी एतवारी महतो, नावाबाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, राजद के वरिष्ठ नेता जमालुद्दीन खान, राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। संस्थान के बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों को छात्राओं ने तिलक लगाकर आरती उतारी। मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह प्लेसमेंट ड्राइव सह सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में बच्चियों की उज्जवल भविष्य कि कामना की। कहा कि झारखंड सरकार द्वारा रोजगार सृजन के लिए पूरे प्रदेश के पढ़े-लिखे युवक-युवतियों को कौशल विकास केंद्र संस्थान के माध्यम से अलग-अलग ट्रेड में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। झारखंड के नौजवान बेरोजगार अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं। लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर दूसरे राज्यों में औद्योगिक कंपनी में कार्य कर रहे हैं । क्षेत्र के बेरोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल कार्य करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पलामू डीएसओ एतवारी महतो ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बेरोजगार युवक-युवती को सिलाई, फिटर, कंप्यूटर ऑटोमोबाइल्स जैसे अनेक ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार सर्टिफिकेट देते हुए युवक-युवतियों को कैंपस सलेक्शन के माध्यम से मारुति सुजुकी सहित अन्य कंपनी में सलेक्शन करते हुए तमिलनाडु केरल त्रिपुरम जैसे जगह पर रोजगार देने का कार्य कर रही है। मौके पर नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणू बाला, राजद के वरिष्ठ नेता जमालुद्दीन खान ने पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम,राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, प्रदीप यादव, मिर आसिक, सुदामा प्रसाद ,मुकेश कुमार यादव, मीर वारिस , पप्पू यादव, बबलू यादव दिनेश कुमार ,बिरजू प्रसाद यादव, सरजू प्रजापति, शंकर सिंह, धिरज यादव, गुड्डू मौर्या,प्रबंधक अनिल कुमार यादव ,सेंटर मेनेजर संजीव कुमार ,दिनेश कुमार ,अमरेंद्र कुमार ,दीपशिखा कुमारी ,प्रियंका कुमारी, संजू कुमारी, कशीदा कुमारी ,प्रतिमा कुमारी ,पूजा कुमारी ,मीणा देवी सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## पर्यटन के दृष्टिकोण से काशीस्रोत डैम के दिन बहुरने के आसार बढ़ा



**नवीन मेले संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत पिकनिक स्पॉट के रूप सैलानियों के आकर्षण और छठ व्रतियों की आस्था के बड़े केंद्र के रूप में पहचान रखने वाले काशीस्रोत डैम स्थल के इस दृष्टिकोण से दिन बहुरने का आसार लगातार बढ़ रहा है। बताते चलें कि विशेष मौकों खासकर, साल के अंतिम और नववर्ष के प्रथम सप्ताह तक प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज यह मनभावन स्थल सैलानियों का महत्वपूर्ण पिकनिक स्पॉट बन जाता है। जबकि महापर्व छठ पूजा को लेकर आसपास के कई गांवों के व्रतियों की इस त्यौहार के मौके पर आस्था उमड़ पड़ती है। जंगलों-पहाडों की गोद में काशीसोत नदी के उद्गम स्थल पर बने इस डैम में इसके बनकर तैयार होने के बाद से इसके अथाह जल बड़ी-बड़ी मछलियों और पशु-पक्षियों की आश्रयणी के साथ ही इनके स्वछंद विचरण का अनुकूल स्थल व वातावरण बन गया, बताया जाता है। बावजूद इसके इसे अभी पर्यटन और महापर्व छठ के दृष्टिकोण से विकसित नहीं किया जा सका है। जबकि बनने के बाद से ही इन रूपों में इस डैम स्थल की विशेष पहचान बनी है। वैसे, आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि इन दृष्टिकोण से 6 वर्ग किमी में फैले इस डैम स्थल के दिन बहुरने का आसार लगातार बढा है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में सबसे पहले जिला पार्षद अंजू देवी की पहल का प्रभाव देखने को मिला है। तब तत्कालीन डीडीसी रवि आनंद के भ्रमण के बाद प्रखंड मुख्यालय से गठित टीम ने जेई के साथ जाएजा लिया है। जबकि जुलाई माह में पर्यटन विभाग की टीम ने विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी के साथ स्थलीय निरीक्षण के बाद डैम स्थल तक पहुंच पथ के साथ ही सैलानियों की सुविधा के लिए पेयजल युक्त रिफ्रेशमेंट रुम, सोलर लाइटिंग, चेयर सीटर बोट सहित अन्य जरूरी संसाधन स्थापित करने का संकेत जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन अभियंता राहुल कुमार सिंह के सुझाव पर दिया है। जिस पर काम कराने की बात विभागीय टीम ने कही थी। वहीं, अब वन विभाग की ओर से भी इस दिशा में पहल शुरू किया गया है। इसमें बताया गया है कि डीएफओ के निर्देश पर प्रभारी रेंजर प्रमोद कुमार ने वीडियोग्राफी के साथ उन्हें इस संबंध में रिपोर्ट सौंपी है। ऐसे में वन क्षेत्र में इस डैम के बने होने की स्थिति में इसे देखते ग्रामीणों ने इसके पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित होने की उम्मीद जताई है। इसके साथ ही उन्होंने इसमें छठघाटों का निर्माण कराने की भी जरूरत बताया है। इसमें सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया पंचम खान, मुखिया शोभा देवी, उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह के अलावा कुंदन सिंह, जावेद खान, उदय कुमार सिंह और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल हैं। उनका मानना है कि इस दिशा में विभिन्न विभागों के पहल का सार्थक परिणाम सामने आएगा। विस चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पर्यटन के दृष्टिकोण से काशीस्रोत डैम के सौंदर्यीकरण और विकास के साथ ही इससे सिंचाई के लक्ष्य को प्राप्त करने की स्वीकृति प्राप्त योजनाओं को भी पूरा कराने का प्रयास तेज किया जाएगा।

### असुविधा

## कोसीआरा स्टेशन पर यात्रियों के सुविधा में सुधार नहीं

# मालगाड़ी खड़ी कर देने से पटरी पार करने में उठानी पड़ती है जोखिम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढवा रोड रेलखंड में थर्ड लाइन विस्तारीकरण के साथ ही आधुनिक स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म निर्माण व अन्य यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी कर दी गई है। मगर रेल पटरियों को आर-पार करने मामले में सुविधा उपलब्ध कराने में उदासीन रवैया अपनाया गया है। वैसे, तो जहां भी फुट ओवरब्रिज नहीं बने हैं, उन सभी स्टेशनों पर यात्री ट्रेन टाइम पर दूसरी पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी कर देने से जोखिम उठाने की विवशता होती है। मगर कोसीआरा स्टेशन पर इसे लेकर यात्रियों को कुछ ज्यादा ही जोखिम और परेशानी उठानी पड़ती है। एक तो फुट ओवरब्रिज का निर्माण महीनों से अधर में लटक गया है। इस पर स्टेशन प्रबंधन के इस मामले अड़ियल रवैया अपनाने की बात यात्रियों ने कही है। उन्होंने बताया कि तब और जोखिम बढ जाती है, जब यात्री ट्रेन टाइम पर ही दुसरी रेल पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी कर दी जाती है। साथ ही पश्चिम दिशा में अंतिम रेल पटरी पर कई दिनों तक मालगाड़ी की रैक ही खड़ी कर दी जाती है। इस पर सवाल खड़े करने पर समाधान का उपाय नहीं बताकर ज्यादा बोलने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने की बात उन्होंने कही है। युवा समाजसेवी शुभम कुमार सिंह ने इस जोखिम उठाने की परेशानी से निजात दिलाने के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण यथाशीघ्र पूरा कराने के साथ ही यात्री ट्रेन टाइम में दुसरी पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी करने की स्थिति से निजात दिलाने की मांग रेल उच्चाधिकारियों से की है।

### समस्या के समाधान के प्रति रेल महकमा गंभीर नहीं

लोगों का कहना है कि रेल महकमा सदा से ग्रामीणों और यात्रियों की खासकर, रेल पटरियों को आरपार करने के मामले में उनकी परेशानी और जोखिम उठाने की समस्या को गंभीरता से नहीं लेता आया है। उनका कहना है कि जिस तरह से माल ढुलाई के मद्देनजर रेल सेवा का विस्तार किया जाता है, उसके अनुसार इस मामले पर ज्यादा गौर करने की जरूरत नहीं समझा जाता है। जबकि स्टेशन और रेल लाइन के अगल-बगल के लोगों को रेल लाइन पार करने में जोखिम उठाने की नौबत नहीं आए, इसके लिए प्लेटफॉर्म से बाहर तक फुट ओवरब्रिज और जगह-जगह अंडरपास वहीं स्टेशन भवन व प्लेटफॉर्म निर्माण के साथ ही फुट ओवरब्रिज का भी निर्माण किया जाना चाहिए। वैसे, भी जहां तहां रेल पटरियों को आरपार करना भी तो आरपी एक्ट में अपराध की श्रेणी में है। जिसका कई बार खामियाजा भुगतना भी पड़ता है। ट्रेनों की चपेट में आकर आदमी और जानवरों को जान भी गंवानी पड़ती है।

## यूपीआई पेमेंट से रेल टिकट खरीदने की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं

### कैश या खुदरा न होने की दिक्कत से मिलेगी यात्रियों को मुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस क्रम में इस मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए टिकटिंग व्यवस्था को और सुविधाजनक बनाया जा रहा है। इस संबंध में अगस्त माह में ही डीडीयू मंडल की प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई थी। मगर अब तक इस सुविधा को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जबकि उस समय बताया गया था कि इसके लिए मंडल के सभी स्टेशनों पर यूटीएस तथा पीआरएस काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइस लगाई गई है। क्यूआर कोड आधारित पेमेंट की सुविधा एकदम सरल एवं सुरक्षित है। काउंटर पर टिकट बुक करते समय यात्री सुविधा अनुसार डिस्प्ले डिवाइस पर अपने टिकट के राशि भुगतान संबंधी क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकते हैं। यह सुविधा टिकट काउंटरों पर मौजूदा कैश लेन देन की सुविधा के अतिरिक्त सुविधा है। टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड आधारित पेमेंट सुविधा हो जाने से कैश या खुदरा पैसा न होने की दिक्कत से यात्रियों को मुक्ति मिलेगी। इसके बावजूद इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। ऐसी स्थिति में डीडीयू मंडल की यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की इस योजना पर यात्रियों ने सवाल खड़े किए हैं। हालांकि स्थानीय स्टेशन की ओर से बताया गया है कि इस दिशा में लगातार कोशिश जारी है। नए सिरे से संबंधित अधिकारी के स्तर से थिंक लाइन भेजा गया है। संभव है सोमवार की दोपहर तक इस सिस्टम से टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने में सफलता मिलेगी।

### कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिए अहम दिशा-निर्देश

# किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने और योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज राज्य की कृषि, पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को छोटे किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर जोर दिया।



मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि फार्मर ग्रुप को मजबूत करने के साथ-साथ पशुधन विकास पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों तक योजनाओं को सही तरीके से पहुंचाएं और उन्हें इसका पूरा लाभ दिलवाएं। इस दौरान मंत्री ने कहा, 'किसी भी स्थिति में किसानों को परेशान या हताश नहीं होने देना है।'

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से उनके अब तक के कार्यों पर विस्तृत रिपोर्ट भी प्राप्त की और कहा कि अगले दौर में इन कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका सही क्रियान्वयन हुआ है या नहीं। साथ ही, मंत्री ने अधिकारियों को फील्ड में दो दिन बिताकर किसानों की समस्याओं को समझने का निर्देश दिया, ताकि सरकार के उद्देश्य को सही तरीके से पूरा किया जा सके।

मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों में सुधार लाएं और किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए बेहतर तरीके से काम करें। उन्होंने कहा कि आगामी योजनाओं को तैयार करने के लिए जो फीडबैक मिलेगा, उसी के आधार पर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# पलामू में पेयजल आपूर्ति योजनाएं कागज पर 80 प्रतिशत योजनाएं फंक्शनल नहीं : वित्त मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड का पलामू प्रमंडल गर्मियों में भीषण पेयजल संकट से जूझता है और हर दूसरे वर्ष अकाल या सूखा की समस्या का सामना करता है। फरवरी के महीने से ही मेदिनीनगर समेत अधिकांश इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता है।

पलामू को राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिलने के एक दशक बाद झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, जो छतरपुर के विधायक हैं, ने पेयजल आपूर्ति और जल संरक्षण को लेकर कई गंभीर मुद्दों पर अपनी बात रखी।

मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पेयजल एवं आपूर्ति विभाग की 80 प्रतिशत योजनाएं कागज पर ही हैं और फंक्शनल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पलामू को 1200 मिलीमीटर बारिश की



**● हेमंत सरकार वाटर कंजर्वेशन को लेकर गंभीर, पेयजल समस्या के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से करेंगे वार्ता**

जरूरत है, लेकिन हर साल मात्र 700-800 मिलीमीटर बारिश होती है, जिससे यह इलाका अकाल और सूखा का सामना करता है।

राधाकृष्ण किशोर ने राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कम बारिश होने के बावजूद सरकार ने जल संरक्षण के उपायों को प्रभावी तरीके से लागू किया है, जबकि झारखंड में अधिकांश बारिश का पानी बह जाता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार वाटर कंजर्वेशन को लेकर गंभीर है और वे मेदिनीनगर और छतरपुर क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के समाधान के लिए विभागीय सचिव से बातचीत करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि विधायक मद से पेयजल आपूर्ति योजनाओं का रख-रखाव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस मुद्दे को कैबिनेट में उठाया गया है और सुझाव दिया गया है कि विधायक मद या निजी कंपनियों के जरिए इन योजनाओं का मेंटेनेंस किया जाए।

# 25 लाख रुपये की फिरौती की धमकी, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पहाड़ी मुहल्ले के निवासी गुड्डू राईन (30) ने शहर थाना में फिरौती मांगे जाने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। राईन 15 वर्षों से अपने भाइयों के साथ मिलकर मेदिनीनगर में हॉल सेल में सब्जी खरीद-बिक्री का काम करते हैं,गुड्डू राईन ने बताया कि 6 अक्टूबर 2024 की रात लगभग 9:30 बजे, जब वह डालटनगंज मार्केट से स्कूटी पर घर लौट रहे थे, तो अचानक उनकी घर के पास गोली चलने की आवाज आई। घर पहुंचने पर उनके मोबाइल पर छोटू खलीफा उर्फ कलैया (25) ने 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की और जान से मारने की धमकी दी।




इसके बाद, समाज के कुछ लोगों ने छोटू के पिता को इस मामले की जानकारी दी, जिन्होंने कहा कि वे अपने बेटे को समझा लेंगे। इसके बाद गुड्डू राईन ने फिर से सब्जी मार्केट में आकर अपना काम करना शुरू कर दिया।

फिर, 17 दिसंबर 2024 की शाम जब गुड्डू अपने दुकान पर थे, तो छोटू खलीफा ने फिर से उन्हें फोन कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान, गुड्डू राईन के भतीजे राजा राईन ने बताया कि छोटू और उसके साथी उनका पीछा करते रहते हैं और उन्हें डराते हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

### नई पीढ़ी को जोड़ने और राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने पर जोर

# भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न, संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीसफूटा स्थित पलामू भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता गणेश मिश्रा उपस्थित थे।



जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बैठक की शुरूआत करते हुए बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाने के लिए 18 और 19 दिसंबर को मंडल स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इन कार्यशालाओं में जिले के प्रभारी प्रत्येक प्रखंड में जाएंगे। इसके बाद 22 दिसंबर से शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान शुरू होगा। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा, जो 14 जनवरी 2025 तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता के लिए 50 लोगों को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य होगा।

मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान देशभर में सितंबर से ही चल रहा है। झारखंड में चुनाव के कारण यह अभियान अब शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित विचारधारा है। कार्यकताओं को नई चुनौतियों का सामना करते हुए संगठन को मजबूत करना होगा।'

बैठक में वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, पूर्व मंत्री एवं हुसैनाबाद प्रत्याशी कमलेश सिंह, और वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ज्योति सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विजय ठाकुर ने दिया। इस दौरान रेडमा निवासी कांग्रेसी नेता दुर्गेश सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने उन्हें माला और पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

बैठक में अमलेश्वर दुबे, ज्योतिश्वर सिंह, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, संध्या सिंह, मनोज भुइंया, नरेंद्र पांडे, कृष्णलय तिवारी, रामप्रवेश सिंह, मुन्ना चंद्रवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# मेदिनीनगर में बढ़ी ठंड, न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

**● कड़ाके की ठंड से बढ़ी मुश्किलें, सड़कों पर पसरा सन्नाटा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में कड़ाके की ठंड की शुरूआत हो चुकी है। सुबह 8 बजे तक सड़कों पर आवागमन बेहद कम हो रहा है। ठंड और कनकनी के कारण बाइक चालकों के लिए सुबह का समय कठिन हो गया है। पिछले चार दिनों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, शनिवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना है।

**ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा**

कनकनी बढ़ने से रात के समय राहगीरों और यात्रियों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा ले रहे हैं। सुबह के समय धूप से थोड़ी राहत मिलती है, लेकिन शाम होते ही ठंड का असर तेज हो जाता है। रात के दौरान तापमान गिरने से ठंड और बढ़ जाती है, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा** : दिसंबर के दूसरे सप्ताह में जिले भर में तेज ठंड पड़ रही है। सुबह के समय शहर और गांव कोहरे की चादर में ढके रहते हैं। ठंड के कारण लोग सुबह और शाम के समय जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।

# बालू संकट पर व्यवसायियों और ट्रैक्टर मालिकों की बैठक, जिला प्रशासन से जल्द समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित गौरव मंदिर के प्रांगण में शहर के व्यवसायियों और ट्रैक्टर मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र नाथ गिरी ने की, जबकि संचालन भाकपा जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक का मुख्य मुद्दा मेदिनीनगर शहर में उत्पन्न बालू संकट था।



बैठक में छड़, सीमेंट, इंटा, लकड़ी, लोहा व्यवसायियों के साथ-साथ ट्रैक्टर मालिकों, चालकों और मजदूरों ने अपने समस्याओं को साझा किया। सभी ने कहा कि एनजीटी द्वारा रोक हटाए जाने के बावजूद जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण शहरी क्षेत्र में बालू उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं, दूसरे जिलों में बालू उठाव शुरू हो चुका है, जिससे व्यवसायों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

व्यवसायियों का कहना था कि शहरी आवास योजना भी प्रभावित हो रही है और लोन से खरीदे गए ट्रैक्टर को खींचने की स्थिति बन गई है। कांके में बालू घाट चालू होने के बावजूद 700 रुपये के चालान की जगह 2000 रुपये वसूला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन बालू के नाम पर वसूली करने में लगी हुई है, जबकि आम जनता का सहयोग नहीं किया जा रहा।

बैठक में सभी व्यवसायियों और ट्रैक्टर मालिकों ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी से शहर और इसके आसपास के बालू घाटों को तुरंत चालू करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे अपना कारोबार ठप कर देंगे और अपनी चाबियां अनुमंडल पदाधिकारी के पास जमा करेंगे।

बैठक में रामराज तिवारी, बिजयानंद पाठक, मुन्ना तिवारी, अजय प्रजापति, अमित कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा, विनोद कुमार, गोरख तिवारी, विनय मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में जल्द बालू चालू करने की अपील की।

### जरूरतमंदों के मदद के लिए आगे आना चाहिए : चंद्रवंशी

**विश्रामपुर।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय जी के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा रविवार को 700 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण समारोह का आयोजन रेहला शिवतार ट्रेडर्स परिसर में किया गया था। कार्यक्रम शुरूआत से पहले गुरु दत्तात्रेय,अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम,गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। इसके अलावा संत सुधीर भैय्या जी को नमन किया गया। भैय्या जी के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। जिसके बाद समारोह का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी,बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, व शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह बाबुल ने किया।

# ऑटो चालक महासंघ का चक्का जाम, यात्री पैदल और रिक्शे से चलने को हुए विवश

**▸▸ झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की हड़ताल के चौथे दिन यातायात ठप, ई रिक्शा संघ ने भी समर्थन की घोषणा की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ द्वारा चौथे दिन जारी हड़ताल के कारण रविवार को मेदिनीनगर समेत पूरे जिले में यातायात पूरी तरह से प्रभावित हुआ। महासंघ के बैनर तले सैंकड़ों ऑटो चालकों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया। इससे यात्रियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में यात्री पैदल या रिक्शे के जरिए अपने गंतव्य तक गए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो गई थी। कई लोग टेंपो नहीं चलने के कारण पैदल ही अपनी मंजिल की ओर बढ़ते दिखे। विशेष रूप से बैरिया, छः मुहान, सुदना जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग सामान लेने के लिए पैदल यात्रा करने को मजबूर हो गए। इसके अलावा, कुछ ई रिक्शा चालकों ने भी यात्रियों को रोकते हुए कहा कि टेंपो चलने से उन्हें भी परेशानी हो रही है, जिससे यात्रियों को बीच रास्ते में उतरकर अपने गंतव्य तक पैदल जाने के लिए विवश होना पड़ा। इस विरोध प्रदर्शन के पीछे मुख्य कारण नगर निगम का वह निर्णय है, जिसमें उसने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ऑटो को शहर सीमा से बाहर रोकने का आदेश दिया था। ऑटो चालक इससे असंतुष्ट हैं और लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन मांगों में मुख्य रूप से बस स्टैंड को शहर से बाहर भेजने, ऑटो चालकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर रोक लगाने, 24 घंटे में एक बार शुल्क वसूली करने, ट्रैफिक इंचार्ज द्वारा ऑटो चालकों के साथ सख्ती और मनमानी पर कड़ी कार्रवाई करने, और शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की जा रही है। ऑटो चालक महासंघ का आरोप है कि उनकी इन समस्याओं को प्रशासन और नगर निगम ने अनसुना किया है, जिसके कारण उन्हें इस चक्का जाम के रूप में विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। महासंघ के संयुक्त सचिव राकेश सिंह ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन और निगम ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया, तो ऑटो चालक महासंघ इससे भी बड़ा विरोध प्रदर्शन कर सकता है। इसके अलावा, ई रिक्शा संघ के अध्यक्ष टिंकल गुप्ता ने बताया कि सोमवार को डीजल टेम्पो को समर्थन देने के लिए एक दिन के लिए सभी ई रिक्शा को सड़क पर नहीं उतारा जाएगा। इसका उद्देश्य इस आंदोलन को और प्रभावी बनाना है, ताकि प्रशासन को मजबूर किया जा सके कि वह इस मुद्दे का समाधान निकाले। ऑटो चालक महासंघ के इस आंदोलन में उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, विकास पांडेय, रंजीत पासवान, सत्यम दुबे, अनुज मिश्रा, अरविंद कुमार, गोल्डेन खान, रिंकू पांडेय, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों ऑटो और ई रिक्शा चालक शामिल हैं। यह आंदोलन दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन और निगम के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है, और यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



# मध्य विद्यालय के 81 विद्यार्थियों को मिला साइकिल का तोहफा



**● सरकार की योजना से छात्रों की शिक्षा होगी सुलभ, न्यायाधीश ने वितरण की शुरूआत की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के 81 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सदर मेदिनीनगर प्रखंड विकास कार्यालय परिसर, बैरिया में आयोजित हुआ। सत्र 2023-24 और 2024-25 के क्रमशः 39 और 42 एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में आए न्यायाधीश द्वारा की गई, जिन्होंने पांच विद्यार्थियों को साइकिल देकर वितरण का शुभारंभ किया। साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने इसे सरकार की एक प्रभावी योजना बताते हुए कहा कि साइकिल वितरण शिक्षा को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साइकिल वितरण में बीडब्लूओ ज्योति रंजन, सदर बीईईओ नंदकिशोर तिवारी, बीपीओ राजीव रंजन सिंह, एनएएसकेआर विभास कुमार, और शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा, और बीएड प्रशिक्षु अभिषेक कुमार व अभय कुमार ने इस योजना के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नारी सशक्तिकरण : कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं ने निकाली जागरूकता प्रभात फेरी

# बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण का व्यापक अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलामू के तत्वावधान में रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पाटन (पंड़वा) की छात्राओं ने उताकी गांव में प्रभात फेरी सह रैली का आयोजन किया। यह रैली झालसा रांची के निर्देश पर 90 दिनों तक चलने वाले जागरूकता और आउटरीच अभियान का हिस्सा थी, जिसमें सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया।




रैली का नेतृत्व विद्यालय की वार्डेन सुषमा कुमारी और पंड़वा के पारा लीगल शैलेंद्र तिवारी ने किया। प्रभात फेरी में फिजिकल शिक्षिका रीना कुमारी और होमगार्ड सपना कुमारी ने छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर उताकी गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्कूल परिसर में वापस आई। रैली में शामिल छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, नारी जागरूकता और बाल अधिकारों पर कई प्रभावी नारों के माध्यम से संदेश दिया, जैसे 'नारी ज्ञान का दीप जलाएगी तो विश्व में सच्ची दिवाली आएगी', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'नारी में है शक्ति अपार वही करेगी जग का उद्धार' और 'आधी रोटी खाएंगे, बच्ची को पढ़ाएंगे'। इसके अलावा, पारा लीगल शैलेंद्र तिवारी ने छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिलने वाले लाभ और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोई भी बालक या बालिका से श्रम नहीं कराया जा सकता, बाल विवाह और शोषण पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, और बालिकाओं का ट्रैकिंग भी अवैध है। इस जागरूकता कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें दीप्ति पांडेय, रिचा कुमारी, पूजा कुमारी, चंचला, पायल, किरण, हिमांशु कुमारी, नेहा, रुचि, पूजा, नीतू, श्वेता, मुस्कान, अंजलि, सरस्वती, सोनम, शोभा, खुशबू, अंजू, रानी, राधिका समेत अन्य बालिकाएं शामिल थीं।

# जेएसएससी परीक्षा में धांधली के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला



**▸▸ भ्रष्टाचार और युवाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा में धांधली के मामले में न्यायालय में सुनवाई लंबित होने के बावजूद परिणाम जारी करने के विरोध में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और परीक्षाओं में हो रही धांधली के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव में झूठे वादे कर सरकार बनाई और अब मनमानी कर रहे हैं। यह रवैया युवा मोर्चा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री शुरू से ही युवा विरोधी रहे हैं और आज भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश वर्मा, छोटू सिन्हा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुशवाहा, सत्यवान तिवारी, राजा बाबू, रंजीत पासवान, विजय प्रजापति, अरविंद सिंह, निरंजन मेहता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### शरारती तत्वों ने लगायी आग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में एक किसान के खलिहान में रखी धान का बोझा व पुआल का ढ़ेर में शरारती तत्वों द्वारा आग लगा देने से हजारों रुपये का धान एवं पुआल जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार किसान हसमत मौलाना एवं हातिम अंसारी ने अपने धान की फसल एवं पुआल खलिहान पर रखा था। रविवार को खलिहान पर धान का बोझा एवं पुआल के टाल में एकाएक आग लग गयी। जिसमें काफी मात्रा में धान एवं पुआल जल गया। आग की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचकर आसपास के लोगों के सहयोग से मोटर स्टार्ट कर आग को बुझाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न, भंडारे का आयोजन

**यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग, स्वामी दामोदर प्रपन्नाचार्य जी ने दी आशीर्वाद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के चिनिया मोड़ स्थित काली मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन रविवार को पूणार्हुति के साथ हुआ। इस दौरान भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और यज्ञ की पूणार्हुति में सम्मिलित होकर धार्मिक अनुष्ठान में अपना योगदान दिया। स्वामी दामोदर प्रपन्नाचार्य जी के नेतृत्व में आयोजित इस महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण और संतों के प्रवचनों से पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर किया गया। पांच दिनों तक श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ शाला में लगी रही, जिसमें विशेष रूप से महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस दौरान, सुप्रसिद्ध मानस प्रवक्ता डॉ. दीपक त्रिपाठी के संगीतमय प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत रामायण के प्रसंगों और भक्ति गीतों ने इस आयोजन को और भी मनोरम बना दिया। पूणार्हुति के बाद गुरु पूजन का कार्यक्रम हुआ, तत्पश्चात भव्य भंडारा और संत महात्माओं का विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सहयोगियों को श्री स्वामी जी ने मंगल आशीर्वाद दिया। आखिर में, श्री स्वामी दामोदर प्रपन्नाचार्य जी की विदाई पर भक्तों की आंखों में आंसू थे, और उन्होंने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। आयोजन के आयोजक अमृत शुक्ला और विनोद पाठक ने कहा कि गढ़वा शहरवासियों का इस यज्ञ में शानदार सहयोग मिला, जिससे यह आयोजन सफल हो सका।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 250 मरीजों का हुआ इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के वार्ड नंबर सात स्थित मिस्कार मुहल्ला में राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट और एकल विद्यालय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वायरल फीवर, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित करीब 250 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई, और उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गई। शिविर का उद्घाटन राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ. पातंजली केशरी, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद उर्फ करीमन , अनिरुद्ध शरण और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पातंजली केशरी ने कहा कि सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सर्दी, फ्लू और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, और यह हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने सभी को समय-समय पर शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच करने की सलाह दी और सर्दियों में बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद उर्फ करीमन जी, अनिरुद्ध शरण जी, सत्यनारायण जी, अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इश्तियाक राजा, डॉक्टर आदित्य प्रकाश, डॉक्टर अंजली, संगीता कुमारी, खुशी कुमारी, राहुल कुमार, रंजना कुजूर, सुनील कुमार, मोहम्मद जावेद, वतन केसरी, नौशाद आलम, शमां परवीन, रागिनी कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा, जिला खेल कार्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जैसे सांस्कृतिक नृत्य, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला और मोबाइल फोटोग्राफी आदि। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडेय, नामधारी कॉलेज के प्राचार्य विनोद कुमार पाठक, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी और एनएसएस के नोडल अधिकारी कमलेश सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। भाषण प्रतियोगिता में शिल्पा साक्षी ने प्रथम, धृति कुमारी ने द्वितीय और रविशंकर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मेला की सामूहिक प्रतियोगिता में गितिश देव ग्रुप ने प्रथम और रिसभ देव सिंह ग्रुप ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विज्ञान मेला की एकल प्रतियोगिता में शुभम कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कहानी लेखन में सचिन ठाकुर ने प्रथम, जानवी तिवारी ने द्वितीय और विश्वजीत कुमार पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में अलका कुमारी ने प्रथम, सुरुचि राज लक्ष्मी ने द्वितीय और शिवम कुमार चौबे ने तृतीय स्थान हासिल किया। गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि युवाओं को हमेशा अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि हर बच्चे में छिपी प्रतिभा को निखारने और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। जिला युवा पदाधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, और प्रथम विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके बाद, राज्य स्तर के विजेताओं को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम सिंह चंदेल ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन नेहरू युवा केंद्र के लेखापाल चार्ल्स बोदरा ने किया। इस मौके पर मुखिया रविंद्र कुमार, कार्यालय कर्मी रमेश कुमार, डॉ. रविकांत प्रसाद, करुणा निधि तिर्की और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक आयोजित, शिक्षार्थियों को दी गई मार्गदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रविवार को एसपीडी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र गढ़वा में जुलाई सत्र में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए अभिप्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखंड के क्षेत्रीय इग्नू अध्ययन केंद्र की सहायक निदेशक डॉ. रागिनी राय ने कहा कि इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) नौकरीपेशा और अन्य कारणों से नियमित शिक्षा प्राप्त न कर पाने वाले लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से लोग अपनी शिक्षा पूरी कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से पुलिसकर्मी, अधिकारी, और सेना के जवान जैसे लोग भी इस माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राय ने कहा कि इग्नू बहुत कम शुल्क में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उपलब्ध कराता है। सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए 'डिजास्टर मैनेजमेंट' और 'रूरल डेवलपमेंट₹ जैसे कोर्स उपलब्ध हैं, जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं। बैठक में इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने नामांकन, असाइनमेंट जमा करने, परीक्षा फॉर्म भरने और पुनः पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र पांडेय, इतिहास विभाग के प्रोफेसर परवेज आलम और अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. उमेश सहाय ने भी शिक्षार्थियों को इग्नू की उपयोगिता और सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन सहायक समन्वयक प्रोफेसर विवेकानंद उपाध्याय ने किया।

### डोल व बिलैतीखैर में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, बीडीसी नागेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह ने कहा कि डोल में पैक्स द्वारा धान क्रय केंद्र खुल जाने से यहां के किसानों को काफी सहूलियत होगी। लोगों को अब औने-पौने दाम में धान बेचने की जरूरत नहीं है। अब सरकारी दर धान का समर्थन मूल्य 2300 तथा धान का कुल मूल्य प्रति कुंतल 2400 अर्थात 1 रूपए बोनस के रूप में मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की कि वह बिचौलियों से सावधान रहे और अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान की बिक्री करें।

## न्यूज बॉक्स

### विधि जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को दी जानकारी

**रमना।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकर रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकारण गढ़वा द्वारा आयोजित, विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन प्रखंड सभागार में किया गया। शिविर का उदघाटन पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार पाल,सूर्यदेव चौधरी, प्रमुख करुणा सोनी, सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय, उप प्रमुख खादीजा बीबी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। संचालन प्रधान सहायक रमानुज शुक्ला, प्रखंड समन्वय पदाधिकारी विक्रांत कुमार ने किया। विधिक जागरूकता शिविर में अधिवक्ता विनोद पाल ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है। गरीब मजदूर,वंचित और वैसे पीड़ित लोग जो जानकारी और वकालत शुल्क जमा नहीं कर पाते हैं वैसे लोगों झालसा निःशुल्क कानूनी देगी। सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि इस क्षेत्र में गरीबी और अज्ञानता ज्यादा है। शिविर में प्रखंड के माध्यम से विभिन्न परिसम्पतियों का व प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत पांडेय, अधिवक्ता सूर्यदेव चौधरी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, रमना पंचायत मुखिया दुलारी देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा उपस्थित थे।

### विधिक सशिक्तिकरण शिविर में ग्रामीणों लिया भाग

**भंडरिया। (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक सशक्तिकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता पेतरूष मिंज के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाला सुविधा, बाल मजदूरी, बाल विवाह कानून सहायता,निशुल्क अधिवक्ता की व्यवस्था, मध्य केन्द्र व योग पात्र को न्यायालय शुल्क माफ की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित शिविर में पांच अबुआ अवास, दो किसान क्रेडिट कार्ड, एक नेशनल बेनिफिट, पांच लोगों का पेंशन,दो आपदा 11 मोटेशन सहित15वें वित आयोग की राशि का भुगतान किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविशंकर, पीएलबी कलामुद्दीन अंसारी, मोजेश किस्पोट्टा, परमा राम राजेन्द्र राम, लाजरुष तिर्की, प्रशांत टोप्पो मुखिया प्रवंता देवी, मोनिका खलखो आदि उपस्थित थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को एकदिवसीय विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथत श्रेणी यूडिशियल मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार तिवारी, वीडीओ देवलाल करमाली,सीआओ राजकुमार प्रजापति,प्रमुख कांति देवी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में प्रथम श्रेणी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार तिवारी ने संविधान में आम जनों के लिए निहित प्रावधानों से लेकर पुलिस पदाधिकारी के अधिकारों तक के बारे में बताया। कहा कि आर्टिकल 22 के तहत उन्हें हर जगह अपने अधिवक्ता से राय मशवीरा करने का पूरा अधिकार है। इस तरह का अधिकार प्राप्त करने में पुलिस के पास अड़ंगा लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस किसी को बिना मतलबी टॉर्चर या प्रताड़ित करें तो उनसे सीधा संवाद कर जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य उदय और सूर्य अस्त के बाद महिलाओं को किसी भी आरोप में रात्रि के समय पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। उसके लिए उन्हें न्यायालय से इजाजत लेना पड़ेगा। मौके पर मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, महेंद्र चौधरी, बीडीसी अरविंद पासवान, मुखिया पति महेश्वर राम, अजय पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर में दी गई कानूनी सलाह

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता सह शक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला जज अभिनव कुमार त्रिपाठी, वकील देवेंद्र प्रजापति, वीडीओ सुबोध कुमार, सीओ उमेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर जिला जज अभिनव त्रिपाठी ने नालसा, झालस, डालसा के संबंध में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि किसी भी घटना-दुर्घटना में एमभी एक्ट के संबंध में जानकारी दी। साथ ही सुलह समझौते के आधार पर वाद विवाद का निपटारा करने के संबंध में भी प्रकाश डाला।मौके पर जिला जज ने वृद्ध व असहायों के बीच 10 कंबल का वितरण किया। 11 लोगों के बीच जॉब कार्ड का वितरण, 5 लोगों को अबुआ आवास की स्वीकृति प्रमाण पत्र, एक व्यक्ति का म्यूटेशन, एक व्यक्ति का आश्रित प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर वकील देवेंद्र प्रजापति, पीएलबी गोपाल चौबे, वीडीओ सुबोध कुमार, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा के रोशन कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार, अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मी व सैकड़ों महिला, पुरुष, ग्रामीण उपस्थित थे।

### आभार यात्रा में कार्यर्ताओ ने विधायक का किया स्वागत

**रमना।** रविवार को आभार यात्रा के तहत रमना पहुंचे विधायक अनंत प्रताप देव का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रखंड के सीमा में प्रवेश करते ही विधायक ने सर्वप्रथम बाबा चौरमहल और समाजवादी नेता स्व रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विधायक ने भगत सिंह चौक पहुंचकर शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दुर्गा मंदिर और मानस मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। इसके बाद वन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने रावण जैसे एक अहंकारी व्यक्ति के घमंड को चकनाचूर करने का काम किया है। इसलिए वह जनता का आभार व्यक्त करने के लिए आए हैं। विधायक ने कहा कि उनके मन में किसी के प्रति प्रतिशोध की भावना नहीं है। उन्हें कोई वोट दिया हो या नही दिया हो लेकिन वे सबके विधायक है और सबका काम करने के लिए तत्पर व तैयार है। विधायक ने कहा कि वह जल्द ही पंचायत और गांवो का दौरा जनता की समस्या का निदान करेंगे। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने काफी संघर्ष कर अपने नेता को विधान सभा भेजने का काम किया है। अब चुनाव में किए गए वायदे पर तेजी से काम किया जाएगा। कार्यक्रम को मुन्ना प्रसाद गुप्ता,अनुज चंद्रवंशी,रोहित वर्मा सहित कई लोगो ने संबोधित किया।मौके पर तुलसी सिंह,लल्लू राम,सुदेश्वर राम, बना गुप्ता ,चितरंजन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मनुष्य का लक्ष्य होता है ईश्वर की प्राप्ति करना : अजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा में सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि,दीप प्रज्वलन,तथा वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ किया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, समवेत नाम जप, ध्यान, सत्यानुसरण ग्रन्थ पाठ, नारीनीति ग्रन्थ पाठ किया गया। धृति सुंदर लाल, अखिलेश दा,माला माँ, सुप्रिया कुमारी ,अनिता देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुए सत्संगी अजय दा ने कहा कि मनुष्य का लक्ष्य होता है, ईश्वर की प्राप्ति करना। ईश्वर की प्राप्ति के लिए मनुष्य को वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के शरण में जाकर उनके द्वारा प्रदत सतनाम को ग्रहण करना चाहिए। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सत्संग सभी लोगों के लिए आवश्यक है। सत्संग में सभी देवता उपस्थित रहते हैं, इसलिए सत्संग सर्वोत्तम स्वर्ग है। वर्तमान पुरुषोत्तम का सत्संग मानव जीवन का उद्धार का एक साधन है। सभी ऋषि तपस्वियों का सत्संग से ही जीवन सार्थक हुआ है। सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृति सुंदर लाल ने कहा कि आदर्श में गहरा विश्वास होना चाहिए। गहरे विश्वास से अपने गुरु के प्रति निष्ठा,भक्ति आती है और भक्ति से अनुभूति तथा ज्ञान की प्राप्ति होती है। उन्होंने विश्वास, निष्ठा, भक्ति, अनुभूति तथा ज्ञान का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम में गोविन्द दा, संजय दा, शक्ति दास सिन्हा,अरुण बिहारी दा, पप्पू जायसवाल,राज कुमार दा, धृति दीप, सुजय विजय,आदित्य,बृंदा देवी ,चंचला गुप्ता ,प्रतिमा देवी, सतवंती देवी, निर्मला मां, संगीता देवी, दीपमाला अंबष्ट,मधु अंबष्ट सहित अन्य उपस्थित थे।

### लौह पुरूष की 74वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**खरौंधी।** प्रखंड के ग्राम चौरिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी व कुरमी महासभा की गढ़वा जिला इकाई के जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी थे। कार्यक्रम में स्थानीय नेता, ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर गोरख नाथ चौधरी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि यदि सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते, तो देश में आज कई जटिल समस्याओं में कश्मीर का मुद्दा नहीं होतीं। उन्होंने 562 रियासतों का भारत में विलय कर देश को एकजुट किया। यह उनके कुशल नेतृत्व और रणनीतिक सोच का परिणाम था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने किसानों के लिए अनेक कार्य किए, जो आज भी याद किया जाता हैं।

# स्कूलों में 16 से अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**जे गुरुजी एप से परीक्षा का प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जाएगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सरकारी स्कूलों में झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) के निर्देश पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में कक्षा 1 और 2 के छात्रों के लिए मौखिक परीक्षा होगी, जबकि कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के प्रश्नपत्र परीक्षा के एक दिन पूर्व जे गुरुजी ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक होगी। पालियों के बीच मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### रिजल्ट 24 दिसंबर तक घोषित करने का निर्देश

परीक्षा के बाद कॉपियों की जांच 19 से 21 दिसंबर के बीच की जाएगी। इसके उपरांत 24 दिसंबर तक परिणाम विद्यालय स्तर पर घोषित करना अनिवार्य होगा। साथ ही, सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वह 30 दिसंबर तक सभी आंकड़े ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करें। इस प्रक्रिया की जानकारी खरौंधी के बीपीएम नवीन प्रकाश ने दी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी कर दिया है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की अर्धवार्षिक शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है।

## जागरूकता

# विधिक सशक्तिकरण शिविर से ग्रामीण हुए लाभान्वित

## कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कानून और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को खरौंधी प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कानून और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक एलएडीसी विजय कुमार ने सरकार द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैदियों और आरोपियों को सरकार निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराती है। एलएडीसी प्रदीप कुमार ने समाज में दहेज प्रथा को एक अभिशाप बताते हुए इसे खत्म करने के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।

**स्थानीय समस्याओं पर चर्चा**

खरौंधी मुखिया पति कृष्णा प्रसाद ने पंचायत में ₹अबुआ आवास₹ योजना के तहत लाभुकों के चयन में हो रही अनियमितताओं की बात उठाई। वहीं, खरौंधी की धनमानी देवी ने घर गिरने के बाद भी कई बार आवेदन देने के बावजूद आवास न मिलने की शिकायत की। मझिगावां के सत्येंद्र प्रसाद यादव ने जीएम लैंड पर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य को रोकने के लिए प्रखंड कार्यालय में कई बार आवेदन दिए जाने की बात कही। अवसर पर प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रवींद्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, सीआई मोजीब खान, बड़ाबाबू संजय सक्सेना, बीपीओ मोहित सिंह, अधिवक्ता रूप किशोर, पंचायत सेवक विनोद पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, पीएलभी कुलदीप राम, रामाश्रय राम, आदित्य गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

### योजनाओं का वितरण

कार्यक्रम के दौरान लघु कुटीर उद्योग विभाग से सिसरी के अभिजीत कुमार श्रीवास्तव को सात लाख और रामानंद मेहता को पांच लाख का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही चार अबुआ आवास और पंचायत समिति से चार योजनाओं की स्वीकृति दी गई, जिनमें चबूतरा, स्नान घर, चारदीवारी, और कूप मरम्मती शामिल हैं। इसके अलावा, कल्याण विभाग से 10 साइकिल का वितरण, 25 लाख की लागत से धूम कुड़िया भवन निर्माण की घोषणा, मनरेगा से चार जॉब कार्ड, और कृषि विभाग से चार पैकेट गेहूं बीज का वितरण भी किया गया।

### विधिक जागरूकता शिविर में लाभुकों को बांटी दी गई चेक




**श्री बंशीधर नगर** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार के निर्देशानुसार रविवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी, एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति के प्रभारी सचिव अरविन्द कच्छप, मध्यस्थता अधिवक्ता संजय भारती एवं बीडीओ रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में पेंशन संबंधित 15, मनरेगा योजना से संबंधित 5, साईकिल वितरण 10 तथा जेएसएलपीएस के दीदीओं के बीच 10 लाख रुपये का चेक वितरण किया गया। उस मौके पर एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निदेर्शानुसार विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर लगाने लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और सरकार की योजनाओं के साथ-साथ कानून से संबंधित लोगों को जानकारी देना है। जैसे की डायन बिसाही के मामले से लोग दूर रहे तथा इस मामले में लोग फंसे नहीं जिससे कि कोई घटनाएं नहीं हो सके और उसे रोका जा सके। एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति के प्रभारी सचिव अरविन्द कच्छप ने जेएसएलपीएस की दीदीओ का हौसला बढ़ाया और कहा कि इतनी ठंढ के बाद भी शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सभी लोग लाभ लें।योजनाओं का लाभ लेने के लिये कुछ प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है पर इसका लाभ जरूर मिलता है। लोग कोशिश करें इसका बखूबी फायदा मिलेगा।उन्होंने कहा कि कोर्ट में सबसे ज्यादा मामले लड़ाई-झगड़ा से संबंधित आती है। कोशिश करें कि लड़ाई झगड़ा के मामले को आपस में बैठकर, गांव पंचायत के मुखिया के साथ बैठकर अपने बातों को रखकर मामले को सुलझाएं। अगर मामला व्यवहार न्यायालय में भी आता है तो सबसे पहले मध्यस्थता से ही मामले को समाप्त करें।कार्यक्रम में प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के बीपीएम अविनाश शुक्ला, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई, प्रखंड समन्वयक, बीडीसी, सभी मुखिया, जेएसएलपीएस के दीदीओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# फर्जी पोस्टर चिपकाने के मामले में एक अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

उग्रवादी संगठन के नाम पर गत 5 दिसम्बर को कल्हेपाट तथा कंडरा में फर्जी पोस्टर चिपका कर एक महिला को टारगेट करने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने का कार्य किया गया था। पुलिस प्रशासन को गुमराह किया जा रहा था। जिसे सेन्हा पुलिस ने उदभेदन करते एक अपराधी को घाघरा थाना क्षेत्र के कुसुम टोली निवासी भीखराम उरांव का 25 वर्षीय पुत्र कमल उरांव को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 5 दिसम्बर 2024 को पी एल एफ आई के नाम का फर्जी पोस्टर लगा कर पुलिस को गुमराह किया गया था। वही 3 दिसम्बर को किसान



ईंट भट्ठा परिसर में अरु निवासी शमशेर अंसारी का शव बरामद होने के पश्चात कल्हेपाट एवं कंडरा चौक में अलग अलग स्थान पर उग्रवादी संगठन के नाम पर पांच पोस्टर चिपका कर हत्या का जिम्मेवारी लिया गया था. और जिस पर नाम तथा मोबाइल नंबर सेन्हा थाना क्षेत्र के एक महिला का दे दिया गया था। जिससे मोबाइल नंबर से महिला फंस जाए और गिरफ्तार हो जेल चला जाये। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अपराधी ने महिला से 1 लाख 77 हजार रूपया किसी काम के बदले लिया था। पैसा वापस नहीं कर रहा था। इस लिए महिला को फंसाना चाह रहा था। जिस पर सेन्हा पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल करते हुए अपराधी तक पहुंचने में सफलता हासिल किया और पोस्टरबाजी मामला का पुलिस ने उतभेदन करते हुए एक अपराधी कमल उरांव को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हुआ। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि एक अपराधी कमल उराँव द्वारा उग्रवादी का फर्जी पोस्टर चिपकाने मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## कुडू में निकली क्रिसमस गैदरिंग शोभायात्रा



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू में रविवार को मसीही समुदाय द्वारा भव्य रूप से क्रिसमस गैदरिंग शोभायात्रा निकाली। सेंट विंसेंट प्लाटि सदन टाटी चर्च में मिस्सा पूजा के बाद आर सी मिशन कैथोलिक चर्च टाटी के अगुवाई में चरनी एवं गाजे बाजे के साथ शुरू हुई शोभा यात्रा ब्लॉक मोड, मस्जिद मोड, इंदिरा गांधी चौक, बस स्टैंड, बायपास रोड होते हुए चर्च पहुंचकर छोटा गैदरिंग प्रोग्राम के बाद संपन्न हो गयी। इस दौरान शांताक्लोज के भेषभूषा में व शांता टोपी पहने सैकड़ो मसीही समुदाय के लोगों नाचते झूमते नारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा में चर्च के पल्ली पुरोहित फादर जॉन टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित अनिल बहला, साइमन नाजरे , प्रचारक पौलूस मिंज, युवा संघ के रूपेश रुनडा, महिला संघ के हेलेन मिंज, कैथोलिक सभा के जॉर्ज मिंज सहित भारी संख्या में मसिही समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## गुमला में जेल अदालत और जागरूकता शिविर का आयोजन

**गुमला।** जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में आज नालसा के तत्वाधान में तथा झालसा के निदेर्शानुसार वर्ष का अंतिम जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में रह रहे बंदियों का स्वास्थ्य जांच हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। जेल अदालत में अवर न्यायाधीश सह सहसचिव जिला विधिक सेवा पदाधिकारी गुमला ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

# सदस्यता अभियान को एक त्योहार की तरह मनाएं : नीलकंठ सिंह मुंडा

### भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सदस्यता अभियान के प्रभारी सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि लोक सभा एवम विधान सभा चुनाव को जिस तरह हम सबो ने एक पर्व के रूप में मनाते हुए अपना राष्ट्रीय कर्तब्य को पूरा किया। उसी तरह पार्टी के सदस्यता अभियान जिसकी शुरूवात 22 दिसम्बर से हो रही है को एक पर्व के रूप में लेते हुए अपने लक्ष्य को पूरा करना है।उन्होंने कहा कि पिछला सदस्य संख्या हमारा 42 लाख था इस बार हमें 60 लाख पहुचना है। श्री मुंडा ने कहा कि जो कार्यकर्ता 50 लोगो को प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। वही कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य एवम पदाधिकारी बनने की योग्यता प्राप्त करेंगे। उन्होंने सभी मंडलो में 18 एवम 19 दिसम्बर तक कार्यशाला का आयोजन कर एक एक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान की जानकारी देने की बात बतलाते






हुए सभी मंडल एवम जिला के पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य को 14 जनवरी 2025 तक पूरा करने की बात कही। जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वैचारिक राजनीति पार्टी है। सिर्फ चुनाव जीतना हमारा लक्ष्य नही बल्कि जनता के लिए समर्पित भाव से काम करना है। हमारा एक एक कार्यकर्ता संगठन का सच्चा सिपाही है। चुनाव हारने के बाद भी हम समाज के लिये हमेशा कार्य करते रहेंगे। वही जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्य हमेशा चलता रहता है चाहे वह समाजिक कार्य हो या सांगठनिक कार्य हो।उन्होंने 8800002024 नम्बर पर मिस्डकॉल कर या लिंक के माध्यम से सदस्यता अभियान में जुड़ कर सदस्यता ग्रहण की बात कही।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय प्रसाद एवम धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अजय पंकज ने किया।। कार्यशाला में आई टी सेल के निखिल कुमार द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से भी कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान डिजिटल जानकारी दी गयी। कार्यशाला में ब्रजबिहारी प्रसाद, त्रिवेणी दास, श्रीचंद प्रजापति, राकेश प्रसाद ,बिंदेश्वर उराँव, राजकिशोर महतो,नाजिर खान, उपाध्यक्षअजय, पंकज, अनिल उराँव, हर्षनाथ महतो, सरिता देवी, महामंत्री पशुपति नाथ पारस, संजय प्रसाद,ओम गुप्ता, सामेला भगत, मीना बाखला, राजकुमार वर्मा, बिनोद राय,लक्ष्मी नारायण भगत,सचिन कुमार,सुभाष चंद्र यादव, यशस्वी ओझा,शम्भू सिंह,अमित लोहरा,दुबराज वर्मा, पंकज यादव,प्रदीप कुमार साहू, बेंजामिन लकड़ा,सुरेश बैठा ,लक्षमन भगत, प्रदीप लोहरा, शुकुल राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कुडू में ठंड लगने से हाथी की मौत बीमार हाथी को छोड़ भागे महावत



**कुडू -लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड के कड़ाक टोंका टोली में रविवार की शाम एक हाथी की मौत हो गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि ठंड लगने से हाथी की मौत हुई होगी। मृत हाथी के समीप मिले दवा और कुछ दवा की खाली शीशियों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि हाथी के महावत शनिवार की रात लेकर यहाँ पहुंचे और बीमार हाथी का अपने स्तर पर उसका इलाज करने का प्रयास किया। लेकिन सुधार नही होने पर उसे छोड़कर चलते बने। मिली जानकारी के अनुसार हाथी को बीमार देख ग्रामीणों ने भी अपने पर पशु चिकित्सकों से सम्पर्क कर बुलाया लेकिन उससे पहले हाथी ने दम तोड़ दिया।

### कुडू के सभी लैंपस में धान खरीदारी शुरू



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड अंतर्गत कुडू, लावागाई, चन्दलासो,कोलसिमरी और ककरगढ़ लैंपस में रविवार को सरकार द्वारा निर्धारित दर 2400रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदारी विधिवत शुरू हो गयी। कुडू लैंपस में मुखिया शुष्मा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। पहले दिन कुडू लैंपस में किसान सलोमी लकड़ा, चंचला कुमारी, विकास लाल का लगभग डेढ़ क्विंटल धान खरीदा गया। वही लावागाई केंद्र में टेमा उरांव से 49क्विंटल धान खरीदकर शुरूआत की गई। कुडू मेउद्घटन के मौके पर प्रखंड सहकारिता अधिकारी राम निवासन, एजीएम महेश चौहान, प्रखंड कृषि अधिकारी सुनील कुंवर, रामखेलावन राम, नवीन कुमार टिंकू आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ व मुखिया ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**भंडरा।** प्रखंड के भौंरो पंचायत स्थित भौंरो लैंपस में रविवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी, मुखिया सुमन्ति तिग्गा बीसीओ सचितानंद साहू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि धान खरीदी कार्य क्रय केंद्र में 31 मार्च 2025 तक की जाएगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. वहीं, ग्रेड-ए धान के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है.इस राशि के अलावा किसानों को राज्य सरकार की ओर से 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा । धान खरीदने के मानक के संबंध में उन्होंने बताया कि धान निबंधित किसान से ही खरीदा जाएगा। एसएमएस प्राप्ति के बाद टोकन निर्गत के उपरांत केंद्र पर धान खरीदा जाएगा। निबंधित किसान का आधार कार्ड, जमीन लगान रसीद, बैंक खाता प्रतिलिपि तथा मोबाइल नंबर होना आवश्यक है.। किसानों के राशि का भुगतान आरटीजीएस /एनईएफटी /पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाता में किया जाएगा। बीडीओ ने उपस्थित किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि किसान अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचें। सरकार बिचौलियों की अपेक्षा अधिक दाम में किसानों से धान खरीद रही है वे इसका लाभ उठाएं।इस मौके पर अध्यक्ष परमानंद प्रजापति समेत कई किसान उपस्थित थे।

### ऑटो चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भंडरा ।** भंडरा पुलिस ने रविवार को ऑटो चोरी करने एक आरोपित कैरो थाना क्षेत्र के मस्जिद टोली निवासी मोजीब अंसारी के पुत्र आरिफ अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित आरिफ अंसारी द्वारा अपने कुछ अन्य सहयोगी के साथ मिलकर भंडरा थाना के कुंबाटोली बस्ती निवासी इरशाद अंसारी के घर के बाहर खड़ा ऑटो को चोरी कर ले जाया जा रहा था, इसी दौरान घर के स्वजन को चोरी होने की भनक लग गई, और स्वजन व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ऑटो चोरी कर भाग रहे लोगों का पीछा किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों की आने की सूचना मिलते ही चोर ऑटो को छोड़ कर भाग निकले थे। जिसमें एक आरोपित को ग्रामीणों ने पकड़ा कर पुलिस को सौंप दिया था। जिसे भंडरा थाना पुलिस द्वारा पहले ही जेल भेज दिया गया है। साथ ही उसके निशानदेही पर रविवार को लोहरदगा थाना परिसर से आरिफ अंसारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### खिलाड़ियों के पर्यटन स्थल का भ्रमणः खेल और मनोरंजन का मिश्रण

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों के लिए आज पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के तहत खिलाड़ियों को गुमला के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बाघमुंडा बसिया में पिकनिक का आनंद लेने का अवसर मिला। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों के देख-रेख में 140 खिलाड़ियों ने विभिन्न क्रियाकलापों में हिस्सा लिया और प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद उठाया।

# लैम्पस पर धान बेचे किसान, बिचौलिया के चक्कर मे न पड़ें: सुजीता उरांव



बदला मे धान अधिप्राप्ति केन्द्र का शुभारंभ करती मुखिया तथा अन्य

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

राज्य सरकार के निर्देश पर धान खरीदारी के लिये रविवार को चार लैम्पस में सरकारी दर पर धान अधिप्राप्ति शुरू किया गया. वही प्रथम दिन ही लगभग पचास क्विंटल धान अधिप्राप्ति किया गया. प्रखंड के चार लैम्पस में लगभग बारह हजार क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है. बताया जाता है कि प्रखंड के चार लैम्पस बदला,अलौदी,बुटी तथा सेन्हा लैम्पस में रविवार से सरकारी दर पर धान अधिप्राप्ति शुरू हो गया. बदला लैम्पस में धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ बदला पंचायत के मुखिया सुजीता उरांव,लैम्पस अध्यक्ष नील उरांव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी गणेश टोप्पो तथा जनसेवक ओमप्रकाश साहु द्वारा संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया गया. साथ ही अन्य जगहों पर भी मुखिया द्वारा धान अधिप्राप्ति शुभारम्भ किया गया. वही धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया सुजीता उरांव ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से धान अधिप्राप्ति किया जा रहा है. इसलिये किसान लैम्पस में ही धान बेचे, बिचौलिया का चक्कर मे न पड़े। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है. जिसमें राज्य सरकार के द्वारा बोनस दिया जा रहा है. वही लैम्पस में धान अधिप्राप्ति की निगरानी के लिए सभी लैम्पस में नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है. मौके पर मुखिया सुजीता उरांव, लैम्पस याध्यक्ष नील उरांव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी गणेश टोप्पो, सदस्य रणजीत महतो, दिलीप उरांव सहित अन्य शामिल थे।

## अदालत सह जागरूकता शिविर व मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं हाल ही में निर्गत उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर के साथ-साथ इस बार मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, लोहरदगा अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी, दंत चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू, जेलर सुबोध कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के पश्चात जेल में कुल 19 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें पांच महिला बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर उन्हें दवा दिया गया। साथ ही 14 पुरुष बंदियों की भी स्वास्थ्य जांच की गई एवं कैंप में ही दवा दिया गया। मेडिकल कैंप का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी ने किया। उनके साथ डॉ राजेश कुमार और अन्य नर्स भी मौजूद थे। आयोजन की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के निर्देश पर जेल के अंदर एवं जेल के बाहर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ' जेल के अंदर वैसे बंदियों की विशेष रूप से सुध ली जा रही है जो 70 साल से ऊपर के हैं या जिन्हें गंभीर रोग हो चुका है। साथ ही अन्य बंदियों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए जाते हैं।

## गुमला में पासवान युवा सेना का गठन

**गुमला।** गांधी नगर सिसई रोड स्थित एक बैठक में गुमला जिले के दुसाध समाज की संरक्षक, मोहन पासवान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गुमला चंवर पासवान युवा सेना के गठन का निर्णय लिया गया। संगठन के विस्तार के लिए 11 सदस्यीय टीम का चयन किया गया, जिसमें गंदुर पासवान, मनोज पासवान, दिलीप पासवान, संदीप पासवान, अभिमन्यु पासवान, अमरनाथ पासवान, विनोद पासवान, अजय पासवान, उपेंद्र पासवान, राजेश पासवान और विजय पासवान शामिल हैं। बैठक में समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं की घोषणा की गई। पासवान युवा सेना द्वारा प्रत्येक महीने दो परिवारों को चावल, दाल, तेल और कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया।

## अग्निहोत्र कार्यक्रम के द्वारा बच्चों में संस्कार का विकास होता है : सुरेश



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विभाग स्तरीय शिशु वाटिका कार्यशाला के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में अग्निहोत्र कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के सचिव अजय प्रसाद सपरिवार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यालय के वातावरण को संस्कार युक्त तथा भैया बहनों के शारीरिक मानसिक विकास तथा रोग मुक्त होने की कल्पना निहित है। द्वितीय सत्र में उर्सलाइन कॉन्वेंट बीएड कॉलेज की हिंदी व्याख्याता डॉ पूनम पूनम मिश्रा द्वारा बाल्यकाल की प्रारंभिक अवस्थाओं पर चर्चा किया गया । शेष तीन सत्र में बहनों के विकास हेतु क्रिया आधारित कला आधारित प्रयोग आधारित शिक्षा कैसे दी जाए उसके निमित्त शिक्षण सामग्री का निर्माण किया गया उसके बाद भैया बहन किस प्रकार से पर्यावरण जल संरक्षण तथा जल में तैरने की क्रिया का अभ्यास कराया गया।

# सेवा भारती ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 131 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,जयप्रकाश शर्मा,संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ




किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। अन्य सभी प्रकार की जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ही खर्च में की जा रही है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि ठंड से बचें,और बुजुर्गों एवं बच्चों पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है। सुबह के समय कुछ देर धूप में बैठें एवं गुनगुने पानी का ही सेवन करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की नियमित रूप स्वास्थ्य चेकअप कराते रहने से शरीर में हो रहे कई कमियों की जानकारी मिलती है। जिससे कि उक्त बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। कहा इस बढ़ते ठंड पर गरीब एवं असहायों के बीच कुछ कंबल-गर्म वस्त्र भी बाटीं जाएगी।

## एकल अभियान का खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## संस्कार युक्त पंचमुखी शिक्षा से प्रतिभावान व संस्कारी छात्र होते हैं तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अभ्युदय यूथ क्लब एकल अभियान के तहत दक्षिण झारखंड संभाग अंचल लोहरदगा के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी पंचायतो के सैकड़ो छात्र-छात्राएं प्रतिभागी बने। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद श्रेणी में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
प्रतियोगिता में 400 मी दौड़ बालक वर्ग में मुकेश लोहरा, अभिनय उरांव, सतीश उरांव, बालिका वर्ग में आशा कुमारी, रीता कुमारी, असनी उरांव, 200 मी बालक वर्ग में कदुआ उरांव, शिवम ठाकुर, अजय महतो, बालिका वर्ग में संगीता कुमारी, निशा उरांव, एतवरिया उरांव, 100 मी बालक वर्ग में रोशन लोहरा, रामु गंझू, आर्यन कु लोहरा, बालिका वर्ग में अनु कुमारी, दीपा कुमारी, अनिमा कुमारी,
लंबी कूद बालक वर्ग में मुकेश लोहरा, रितिक हजाम, श्रीराम महतो, बालिका वर्ग में संजना कुमारी, अनु कुमारी, निशा कुमारी, ऊंची कूद बालक वर्ग में मुकेश लोहरा, राकेश नगेसिया, अक्षय महतो, बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी, रीता कुमारी, निशा उरांव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एकल अभियान के तहत संस्कार युक्त पंचमुखी शिक्षा, सांसारिक ज्ञान, धार्मिक चेतना, गुरु शिष्य परंपरा का निर्वाह आदि से संपन्न कर प्रतिभावान व संस्कारी छात्र तैयार किये जा रहे हैं. यह शिक्षा भविष्य में समाज को बेहतर दिशा देगी. सतेंद्र मिश्रा ने कहा कि बच्चों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी बड़ा महत्व है। आज देश के कई ऐसे प्रतिभागी जो खेल के क्षेत्र में अपने करियर बनाने का कार्य किए हैं। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है वही मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंचल उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार मिश्रा, सचिव अरविंद दुबे, खेल व जागरण प्रशिक्षक अखिलेश सिंह, अंचल अभियान प्रमुख रणजीत यादव, प्रशिक्षण प्रमुख जितवाहन बड़ाइक, कार्यालय प्रमुख रोहित यादव, भीम यादव, रथ योजना प्रमुख प्रदीप साहू, रामशरण नायक, उदय यादव, रामदेव यादव, रंजन यादव, चंद्रनाथ खेरवार, राजू उरांव, बुधन लोहरा, संजय महतो, श्यामबिहारी महतो, धनिज प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

# जिले में चयनित 21 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में खरीद शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

खरीफ विपणन मौसम 2024-2025 में किसानों को धान अधिप्राप्ति कार्य हेतु 15 दिसंबर को जिला में चयनित 21 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में प्रारंभ किया गया। मौके पर सदर प्रखंड के निंगनी लैम्पस में धान अधिप्राप्ति का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि लोहरदगा नीशीथ जायसवाल और सेन्हा लैम्पस में धान अधिप्राप्ति का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू, विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, संबंधित प्रखण्ड विकास



पदाधिकारी व अन्य गणमान्य शामिल हुए। दोनों लैम्पसों में धान अधिप्राप्ति के शुभारंभ पर विभाग द्वारा निदेशित योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें बताया गया कि किसानों का धान खरीद के लिए लोहरदगा जिला में दो एफपीओ और 19 लैम्पस समेत कुल 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र निर्धारित किये गये हैं। इन केंद्रों पर जिला के कोई भी किसान अपना धान जमा कर उसका बेहतर मूल्य पा सकते हैं। किसानों को सरकार धान (साधारण किस्म) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल और राज्य सरकार की ओर से 100 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल का मूल्य दे रही है। ग्रेड ए किस्म के धान के लिए 2320 रुपए प्रति क्विंटल एवं 100 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की राशि समेत कुल 2420 रुपए दे रही है। किसान इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। अगर आप बिचौलिये के माध्यम से खुले बाजार में अपना धान औने-पौने मूल्य पर बेचते हैं तो मूल्य आपको मात्र 1700-1800 रुपए प्रति क्विंटल मिल पाता है जो कि सरकार की ओर से दिए जा रहे मूल्य से बहुत कम है। इसलिए किसान अपना धान सरकार द्वारा चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही दें और उसका उचित मूल्य पायें।



# गुमला में कड़कड़ाती ठंड से राहत : चौक-चौराहों पर जल रहे अलाव

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए गुमला जिला प्रशासन ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को राहत मिल रही है।

**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था**

शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद ने अलाव जलाने की जिम्मेदारी ली है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों और प्रखंडों में अंचल अधिकारियों के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम के समय चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को ठंड से बचाव में मदद मिल रही है।

**गिरते तापमान ने बढ़ाई ठंड**

गुमला जिले में पिछले 10 दिनों से कड़कड़ाती ठंड का असर है, जहां शाम के समय तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। ठंड के इस दौर में जिला प्रशासन की ओर से लोगों को सतर्क रहने और ठंड से बचाव के उपाय करने की अपील की गई है।

**जिला प्रशासन की अपील:**

सुबह और शाम के समय केवल आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकलें। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें। प्रशासन द्वारा की गई अलाव व्यवस्था का लाभ उठाएं।

## डायन के आरोप में महिला का अपहरण कर हत्या, गांव में फैला आक्रोश


फाइल फोटो



**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले से लगभग 20 किलोमीटर दूर मुरकुंडा कुम्हार टोली गांव में अंधविश्वास के चलते एक और निर्दोष महिला की जान चली गई। 12 दिसंबर को जंगल में लकड़ी बीनने गई 45 वर्षीय चंद्रावती देवी का अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। चार दिनों तक लापता रहने के बाद, आज उनका शव बोरे में बंद अवस्था में जंगल से बरामद हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी और आक्रोश का माहौल है। चंद्रावती देवी जंगल में लकड़ी बीनने गई थीं, लेकिन जब देर शाम तक वे घर नहीं लौटीं, तो परिवार ने उनकी खोजबीन शुरू की। जंगल में उनकी टूटी हुई चूड़ियां और जलावन का लकड़ी का बंडल मिला, जिससे अपहरण की आशंका गहराई। महिला के बेटे सुनील महतो ने गुमला थाना में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में सुनील ने गांव के कुछ लोगों पर शक जताया था, जिनका उनकी मां से पहले भी विवाद हो चुका था। गुमला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी अभियान चलाया और कुएं, नदी, खेत सहित कई स्थानों पर तलाश की, लेकिन महिला का पता नहीं चला। आखिरकार चार दिन बाद उनका शव जंगल से बरामद हुआ। चंद्रावती देवी पर डायन का आरोप कोई नई बात नहीं थी। उनके बेटे सुनील महतो ने बताया कि गांव के कुछ लोग उनकी मां को लगातार प्रताड़ित करते थे।

# झारखंड के पदक विजेता खिलाड़ियों को मिला सम्मान

## उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत जम्मू-कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की व-17 बालिका फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक और व-17 बालक फुटबॉल टीम ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा, हरियाणा में आयोजित व-17 बालिका हॉकी प्रतियोगिता में भी झारखंड टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किाा। इन विजेता खिलाड़ियों के गुमला आगमन पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को माला पहनाकर और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की।



**गुमला के खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी**

प्रतियोगिता में झारखंड बालिका फुटबॉल टीम से गुमला जिले के 6 खिलाड़ी, बालिका हॉकी टीम से 5 खिलाड़ी और बालक फुटबॉल टीम से 4 खिलाड़ी शामिल थे। इनकी मेहनत ने जिले और राज्य का गौरव बढ़ाया।

**उपस्थित अधिकारी एवं प्रशिक्षक:**

इस सम्मान समारोह में जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, फुटबॉल प्रशिक्षक सुश्री बिना केरकेट्टा, हॉकी प्रशिक्षक श्री शंभु कुमार, जिला खेल समन्वयक श्री मनीष हेंब्रम, और कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्व. महेश महली की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, भरनो प्रखंड के तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय महेश महली की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को याद करते हुए आंदोलनकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान वक्ताओं ने झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान-सम्मान, पहचान, रोजगार और पेंशन की अनदेखी पर चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि सभी आंदोलनकारियों को बिना भेदभाव के समान रूप से 50,000 मासिक सम्मान पेंशन दी जाए और जेल जाने की बाध्यता को समाप्त किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि गुमला के भरनो क्षेत्र में झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आंदोलनकारियों का विशेष योगदान रहा है, और महेश महली की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए महेश महली को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज बॉक्स

### पुल से गिरकर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पानसो मोड़ पुल पर एक हादसे में साइकिल सवार दो युवक पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कोटाम नवाटोली निवासी 20 वर्षीय अजय उरांव और 18 वर्षीय चरवा उरांव के रूप में हुई है। दोनों युवक साइकिल पर सवार होकर पानसो चौक से चाऊमीन खाकर लौट रहे थे। इसी दौरान, सामने से आ रहे एक वाहन की तेज रोशनी उनकी आंखों पर पड़ी, जिससे साइकिल अनियंत्रित हो गई और दोनों पुल से नीचे गिर गए। अजय उरांव को गड़वाल के पत्थर से टकराने के कारण उसका एक पैर टूटकर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को गुमला सदर अस्पताल भेजा। वहां दोनों का इलाज जारी है।

### पति से नाराज महिला ने खाया कीटानाशाक, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के बरगी डांड गांव की 40 वर्षीय फूलमईत देवी ने पति की डांट से नाराज होकर दीमक मारने वाला पाउडर खा लिया। गंभीर हालत में उसे रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात को परिवार के सभी सदस्य गांव के खलिहान में धान मिंसने गए थे। महिला और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद पति ने उसे डांट दिया। गुस्से में महिला घर लौट आई। खलिहान में पड़े दीमक मारने वाले पाउडर का एक पैकेट महिला ने घर लाकर खा लिया। देर शाम जब परिवार के अन्य सदस्य खलिहान से वापस आए, तो महिला की हालत बिगड़ने लगी और उसे उल्टी होने लगी।

### करंज थाना परिसर में सुरक्षा और जागरूकता पर आयोजीत हुई अहम बैठक

**गुमला।** करंज थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी आशीष केशरी की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा और जागरूकता पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर रोकथाम और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। लोगों को साइबर अपराधों से बचाने के उपायों और जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। अफवाहों को रोकने और सही जानकारी साझा करने की अपील की गई। आगामी क्रिसमस और नव वर्ष के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही, सड़क सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने की अपील की गई। जनप्रतिनिधियों को डायल 112 की महत्वता और इसकी सुविधा से लोगों को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर व्यक्ति आईसीयू में भर्ती, वीडियो वायरल

**गुमला।** गुमला-जशपुर रोड स्थित स्टेडियम के पास धीरज मोबाइल के संचालक विकास उर्फ छोटू को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। आईसीयू में भर्ती विकास को अब तक होश नहीं आया है। विकास अपनी पत्नी के लिए खाना लेकर सदर अस्पताल जा रहा था, जहां उसकी पत्नी ने हाल ही में एक पुत्र को जन्म दिया है। इसी दौरान स्टेडियम के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दो नशेड़ियों ने उसे टक्कर मारी और घटना स्थल से फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों ने दुर्घटना के बाद तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। विकास की हालत गंभीर बताई जा रही है, और आईसीयू में डॉक्टर उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी किशोरी गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागाड़ा के पास ट्रैक्टर की लाइट से अनियंत्रित होकर बाइक सवार तीन लोग सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। घटना में कोटाम निवासी 17 वर्षीय दुर्गावती लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार दो युवक और एक लड़की सिसई गए थे। वहां लड़की के जीजा ने उसके लिए एक मोबाइल खरीदा था। तीनों मोबाइल लेकर घर लौट रहे थे, तभी सड़क किनारे खड़ा एक ट्रैक्टर अचानक स्टार्ट हो गया। उसकी लाइट की चमक से बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में दुर्गावती लकड़ा को सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, बाइक सवार दोनों युवकों को हल्की चोटें लगी हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करम डीपा के पास स्कूटी की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**गुमला।** गुमला-रांची नेशनल हाईवे पर करम डीपा के पास एक स्कूटी सवार ने पैदल चल रहे अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना गुमला थाना को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल व्यक्ति अर्ध विक्षिप्त लग रहा था और केवल एक हाफ पैंट पहने हुए था। स्थानीय लोगों ने उसे कपड़े और कंबल मुहैया कराए। हादसे के बाद स्कूटी सवार तेज रफ्तार में मौके से फरार हो गया। घायल व्यक्ति के चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। गुमला थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्कूटी चालक की तलाश जारी है।

### चैनपुर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर पंचायत भवन के सभागार में पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के दिशा-निदेशों के अनुसार, ग्राम प्रधान खुशवंत बैगा की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में ग्राम पंचायत ने नौ एलएसडीजी (स्थानीय सतत विकास लक्ष्य) विषयों का चयन किया।पंचायत सचिव संतोष यादव ने ग्रामीणों को एलएसडीजी से संबंधित विषयों की जानकारी दी। जिला परिषद और मुखिया ने सभी से एकजुट होकर चैनपुर पंचायत के सतत विकास में सहयोग करने की अपील की।चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने ग्रामीणों को ट्रैफिक नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कई दुर्घटनाएं नशे में होने के कारण हो रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें, जैसे हेलमेट पहनना, ड्राइविंग लाइसेंस रखना और वाहन के सभी कागजात साथ रखना। कौशल विकास केंद्र गुमला ने ग्रामीणों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए प्रशिक्षण देने की बात की। उन्होंने सिलाई, कंप्यूटर चलाने, स्पोकन स्पीकिंग कोर्स, और इलेक्ट्रीशियन जैसे विभिन्न योजनाओं के प्रशिक्षण का उल्लेख किया।इस विशेष ग्राम सभा में, चैनपुर पंचायत ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे को विकसित करने का निर्णय लिया।

## क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन मसीह मैत्री संघ चैनपुर द्वारा विशेष समारोह



**चैनपुर।** मसीह मैत्री संघ चैनपुर ने चर्च परिसर में रविवार को एक भव्य क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। इस समारोह की शुरूआत चैनपुर पाली के पुरोहित फॉदर जेफ्रियानुश किंडो और सहायक पवन लकड़ा द्वारा आशीर्वाद जल के साथ हुई।कार्यक्रम में कोयल दल और छोटे बच्चों ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फॉदर जेफ्रियानुश किंडो ने सभी उपस्थित लोगों को क्रिसमस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और इस पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, इस अवसर पर हमें आपसी भाईचारा बनाए रखना चाहिए।जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने भी सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए अपील की कि सभी नशामुक्त होकर इस पर्व का आनंद लें। उन्होंने कहा, ₹प्रभु येशु ने हमें शांति और भाईचारे का संदेश दिया है, और हमें इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम ने सभी को एकजुट होने और एक-दूसरे के साथ प्रेम और स्नेह बांटने का अवसर प्रदान किया, जिससे सामुदायिक भावना को और मजबूती मिली।क्रिसमस की इस विशेष गैदरिंग ने न केवल धार्मिक भावना को उजागर किया, बल्कि एक सकारात्मक संदेश भी दिया कि हम सभी को सच्ची खुशी और शांति के साथ इस पर्व को मनाना चाहिए।

## पूर्व विधायक बैरागी उरांव का निधन,गुमला में शोक की लहर


फाइल फोटो

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड से गुमला विधानसभा के तीन बार विधायक रहे बैरागी उरांव का निधन हो गया। 81 वर्षीय श्री उरांव का जन्म 1943 में हुआ था। वे केओ कॉलेज गुमला में राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर रह चुके हैं। उनका राजनीतिक करियर 1972 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार चुनाव जीतकर विधायक बने। इसके बाद उन्होंने 1980 और 1985 में भी जीत हासिल की।उनकी तबीयत कुछ दिनों से खराब थी, जिसके कारण उन्हें रांची ले जाया गया। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से चैनपुर ही नहीं, बल्कि पूरे गुमला जिले में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार कल सोमवार को किया जाएगा। श्री उरांव की लोकतंत्र में योगदान और उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा छती उत्पन्न हुआ है।

## डुमरी में 29 वर्षीय युवक ने इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की



**डूमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र में एक 29 वर्षीय युवक, सुलेंद्र साइ उर्फ काठू साइ, ने देर रात को आत्महत्या कर ली। घटना कटई टोली गांव में हुई, जहां युवक ने रात करीब 1:00 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित इमली के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा ली।मृतक के परिजनों के अनुसार, सुलेंद्र पिछले एक महीने से गांव आया था और वह दूसरे राज्य में मजदूरी का काम करता था। शाम को वह हल्का नशे में था और पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर घर से बाहर निकलकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी थाना के एसआई संजय कुमार चौबे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। एसआई ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के पूरे कारणों का खुलासा होगा।

## तालाब में नहाने के दौरान व्यक्ति की डूबने से मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के वृंदा नायक टोली स्थित तालाब में नहाने के दौरान कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोढा टोली निवासी संदीप लोहरा की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार उसे तत्काल सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर पीकेसी भगत ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी बल्कि देवी ने बताया की हम दोनों पति-पत्नी मजदूरी का काम करते हैं।

## बॉक्साइट ट्रक दुकान में घुसा

**गुमला।** आज सुबह एक बॉक्साइट ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर विशुनपुर में बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्थित दीपक होटल में जा घुसा। इस घटना में होटल का किचन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं मिली। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक नशे में धुत था और अचानक अपने वाहन से संतुलन खो बैठा, जिससे वह सड़क किनारे स्थित होटल में जा घुसा। ग्रामीणों ने बताया कि आज रविवार होने के कारण होटल बंद था, अन्यथा होटल के इर्द-गिर्द काफी संख्या में लोग होते और किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना हो सकती थी। इस घटना की सूचना मिलने पर बिशुनपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को अपनी हिरासत में लेकर थाना ले गई।

## भरनो पुलिस और वन विभाग का संयुक्त सर्च अभियान

# अफीम की खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो प्रखंड के अमलिया और रायकेरा जंगल के आसपास के क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती की आशंका को लेकर भरनो पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र के जंगलों में गहन जांच की गई, लेकिन किसी भी स्थान पर अफीम या पोस्ता की खेती नहीं पाई गई। हालांकि, इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को अफीम की खेती से जुड़े खतरों और इसके कानूनी परिणामों के बारे में जागरूक किया।

**संयुक्त अभियान का नेतृत्व**

सर्च अभियान का नेतृत्व भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और प्रभारी वनपाल राकेश कुमार मिश्रा ने किया। उनके साथ पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारी जंगलों में पैदल चलकर तलाशी अभियान में जुटे।



**स्थानीय लोगों को किया गया जागरूक**

अभियान के दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें अफीम की खेती से जुड़े नुकसान के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अफीम की खेती न केवल अवैध है, बल्कि यह क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा भी है। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यह खेती अपराध को बढ़ावा देती है और इसके लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती है।

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स का महत्वपूर्ण निर्णय

# गरीबों को वितरित किए जाएंगे कंबल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स की आवश्यक बैठक चेम्बर कार्यालय में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अत्यधिक बढ़ती ठंढ को देखते हुए गुमला चेम्बर ने निर्णय लिया कि वह गरीब, गुरबों और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करेगा। सामाजिक हित में चेम्बर हमेशा व्यापारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर योगदान देता रहेगा।




गुमला चेम्बर की आगामी आमसभा की तारीख भी बैठक में घोषित की गई। पहले 22 दिसंबर को होने वाली सभा अब फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक के कारण 20 दिसंबर 2024, शुक्रवार को तय की गई है। यह आमसभा शाम 7:00 बजे गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय, बस स्टैंड स्थित सिद्धिविनायक होटल में होगी। बैठक में चेम्बर के सभी सदस्य और व्यापारी अधिक संख्या में भाग लें, ताकि व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए योग्य उम्मीदवारों का चुनाव हो सके। बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद केशरी, पवन अग्रवाल, पदम साबू, हिमांशु केशरी, प्रतीक अग्रवाल सहित चेम्बर के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित थे।

## ठंड को देखते हुए प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड में बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। रविवार को अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की। शाम होते ही प्रशासन द्वारा इन स्थानों पर अलाव जलाकर राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को ठंड से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने कहा की गांव के लोग विभिन्न कार्यों के लिए प्रखंड मुख्यालय पहुंचते हैं, जहां उन्हें ठंड के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## चैनपुर प्रखंड में 100 दिन का टीबी मुक्त अभियान

# स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन की अनूठी पहल

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर प्रखंड में 100 दिन का टीबी मुक्त अभियान जोर-शोर से चल रहा है। दुर्गम और शुरूआती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत सुरवर्ती इलाकों में एक्स-रे वाहन पहुंचाकर संभावित टीबी मरीजों की निशुल्क जांच की जा रही है। बड़ी संख्या में मरीजों का एक्स-रे और बलगम जांच की जा रही है। टीबी रोगियों की पहचान होने पर उन्हें तुरंत दवा और पोषण योजना का लाभ दिया जा रहा है।

**संयुक्त प्रयास से बदलाव की उम्मीद :**

इस अभियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर और स्वयंसेवी संस्था पिरामल फाउंडेशन मिलकर चला रहे हैं। सहिया, सहिया साथी, एएनएम, सीएचओ, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू और पंचायती जनप्रतिनिधि भी इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।





अभियान का उद्देश्य चैनपुर प्रखंड को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाना है। पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी संजीत एक्का ने बताया कि चैनपुर प्रखंड, जो गुमला जिले के आदिम जनजाति और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आता है, वहां गरीबी के कारण टीबी का प्रकोप अधिक देखा गया है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग और टीबी विभाग के एसटीएस की कड़ी मेहनत से प्रखंड में मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। श्री एक्का ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और समाज के सभी वर्गों के सहयोग से आने वाले समय में यह प्रखंड पूरी तरह टीबी मुक्त हो जाएगा।

**पिरामल फाउंडेशन का प्रयास**

श्री एक्का ने बताया कि पिरामल फाउंडेशन गुमला जिले से टीबी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं ताकि लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जानकारी दी जा सके।

**टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी**

टीबी के खिलाफ इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी को अनिवार्य बताया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर स्वास्थ्य कर्मी, सभी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जुटे हुए हैं। श्री एक्का ने कहा कि यदि सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए, तो टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

